राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र ने जनकल्याणार्थ पंचकुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति में भाग लिया

सबके मंगल के लिए की कामना

जयपुर, 17 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को सीतापुरा में राम नवमी पर आयोजित जनकल्याणार्थ पंचकुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति में भाग लिया।

श्री मिश्र ने महायज्ञ को भारत की वैदिक परंपरा से जुड़ा बताते हुए कहा कि यज्ञ "वसुधैव कुटुंबकम्" की भारतीय संस्कृति की वह जीवंतता है, जिसमें अपने लिए ही नहीं सबके कल्याण का भाव रखते कार्य करने का भाव समाया हुआ है। उन्होंने श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में प्रथम पाटोत्सव पर आयोजित महा आरती में भी भाग लिया। इस दौरान भगवान की पूजा अर्चना कर उन्होंने सबके मंगल के लिए कामना की।
इससे पहले महायज्ञ स्थल पर पहुंचने पर डॉ. अलका पांडे ने उनका अभिनंदन किया।